भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1546**

दिनांक 03.05.2016/13 वैशाख, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**ट्रैफिक सिग्नल**

**†1546. श्री सी.एस. पुट्टा राजू:**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**
(क) क्या देश में विशेषकर दिल्ली में ट्रैफिक सिग्नल विद्युत से चलाए जा रहे हैं;
(ख) यदि हां, तो क्या ऐसे ट्रैफिक सिग्नलों को सौर ऊर्जा से चलाने का विचार है ताकि विद्युत बचाई जा सके और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्रों को कोई निदेश जारी किए हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों की क्या प्रतिक्रिया है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

**(क): इस संबंध में केंद्र के स्तर पर कोई आंकड़े नहीं रखे जाते हैं। तथापि, दिल्ली में यातायात सिग्नलों का संचालन बिजली से किया जाता है।**

**(ख) और (ग): नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा राज्यों को सौर ऊर्जा के जरिए यातायात सिग्नलों को संचालित करने के संबंध मे कोई निर्देश जारी नहीं किया गया है। तथापि, एमएनआरई राज्य की नॉडल एजेंसियों के माध्यम से संचालित किए जा रहे सोलर यातायात सिग्नलों सहित सौलर पीवी उपकरणों को प्रदान करने के लिए ऑफग्रिड सोलर पीवी उपकरणों को बढ़ावा दे रहा है।**

**(घ): प्रश्न नहीं उठता।**

-----